प्रकाशनार्थ

पटना, 18 फरवरी| आज एशियन डेवलपमेंट रीसर्च इंस्टीच्यूट (आद्री) और बिहार स्वास्थय सुरक्षा समिति (बी. एस. एस. एस) ने पटना जिला के कई निजी अस्पतालों के लिए "वन डे ट्रेनिंग ऑन ट्रैनजैक्शन मैनेजमेंट सिस्टम (टी. एम्. एस) 2.0" नामक कार्यक्रम किया | टी एम् इस 2.0 भारत सरकार की प्रमुख स्वास्थय बीमा योजना आयुष्मान भारत प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना (ए. बी.पी.एम.जे.ए.वाई) का अपग्रेडड वेबसाइट पोर्टल है जो कि स्कीम के लाभार्थिओं को अस्पताल में इलाज लेने के लिए बनाया गया है| आद्री बिहार में इस योजना का क्रियान्वन करने के लिए बी. एस. एस. एस को तकनीकी मदद देता है |

बी.एस.एस.एस के ए.ओ श्री शैलेश चन्द्र दिवाकर ने सत्र में कहा कि सरकार फर्जी मामलों को पहचानने में पोर्टल पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई) की मदद ले रही है | वह सिर्फ पोर्टल में मौजूद कमिआं को ही नहीं दूर करेगी बल्कि ऐसे अपराधिओं पर कानूनी कार्यवाई भी करेगी | जो अस्पताल इस स्कीम के अंतर्गत अपने यहाँ भरती मरीजों का या उनके देखभाल करने वालों का फोन नम्बर उपलब्ध नहीं करते हैं, उनके दावों को खारिज करते हुए भुगतान नहीं दिया जायेगा| डाक्टर नीरज कुमार सिंह, डायरेक्टर-हेल्थकेअर, बी.एस.एस.एस ने एक मेडिकल कमिटी के गठन के बारे में घोषणा की जो कि सारे फाईल की हुई दावों का बारीकी से मॉनिटरिंग करेगी| टी. एम्. एस 2.0 की यह विशेषता 1.0 में नहीं मौजूद थी| श्री प्रकाश चन्द्र झा, आई.टी मैनेजर, बी.एस.एस.एस ने दर्ज की कि इस पोर्टल पर 9 लाख से ज्यादा आई.डी बनाए जा चुके हैं | डाक्टर बी.एस.एस.एस के ही वरीय चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर अर्शद अयूब ने बीमार लाभार्थिओं से संबंधित दावों के प्रोसेसिंग में पारदर्शी होने की जरूरत पर जोर दिया | बी.एस.एस.एस के सीबी व आई.ई.सी मैनेजर श्री रितेश मिश्रा और डायरेक्टर- आई.टी श्री संतोष झा ने भी उपस्थित प्रतिभागियों को पोर्टल से अवगत कराया | आद्री में स्तिथ सेंटर फॉर हेल्थ पौलिसी के ए.बी.पी.एम.जे.ए.वाई भाग के टीम लीडर डाक्टर सूरज शंकर ने अतिथिओं का स्वागत करते हुए श्री सत्येन्द्र कुमार और ए.बी.पी.एम.जे.ए.वाई के अन्य सदस्यों के साथ पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम को सक्रियता से कामयाब किया |

पटना जिला के जीवक हार्ट अस्पताल, बुद्धा कैंसर अस्पताल और रुबन मेमोरियल अस्पताल जैसे कई संस्थान ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया | इन अस्पतालों का प्रधिनित्व उनमें नियुक्त कई आरोग्य मित्र, डाक्टर तथा अन्य कर्मचारिओं ने किया | बी.एस.एस.एस के डायरेक्टर- औपरेश्न्स श्री आलोक रंजन ने सेशन का धन्यवाद ज्ञापन दिया |

(अभिषेक प्रसाद)